manish -pilkha bhoomi sursjpur mastar 02652_manish 06-03-2026 04:17 Page 1


# पिलखा भूमि

ईमेलः–manishvaidy538@gmail.com
PRGI.Reg.-CHHHIN/2023/88305

वर्ष 02 अंक 17 सूरजपुर से प्रकाशित हिंदी मासिक मार्च 2025 पृष्ठ 4 मूल्य 5 संपादक – मनीष वैद्य


## मनरेगा –बनाम–विकसित भारत जी राम जी का सुशासनरू ग्रामीण भारत में आत्मनिर्भरता का नया सूर्योदय।



पिलखा भूमि.पखांजूर – किशोर बाला

देश की राजनीति में आज ग्रामीण विकास और रोजगार को लेकर बहस छिड़ गई है। एक ओर जहां कांग्रेस पार्टी मनरेगा को लेकर धरना–प्रदर्शन कर रही है, वहीं केंद्र सरकार की (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन – ग्रामीण) योजना ने जमीन पर बदलाव की नई पटकथा लिख दी है।

राजनीतिक विशेषज्ञों और सत्ता पक्ष का मानना है कि मनरेगा को लेकर कांग्रेस का हालिया प्रदर्शन केवल एक श्राजनीतिक नौटंकीश है। वर्षों तक सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस ने मनरेगा को भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और बिचौलियों का अड्डा बना दिया था। उस दौर में फर्जी जॉब कार्ड और घोटालों की खबरें आम थीं, जिसके कारण वास्तविक मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं मिलती थी। आज विपक्ष में बैठकर मजदूरों का हितैषी बनने का ढोंग करना जनता को भ्रमित करने का एक विफल प्रयास मात्र है।

कांग्रेस के शोर–शराबे के बीच, भाजपा सरकार की योजना ग्रामीण भारत के लिए एक वरदान साबित हो रही है। यह केवल एक रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचलों में आत्मनिर्भरता का संचार करने वाला एक महा–अभियान है।

इस मिशन के माध्यम से ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और किसानों को स्थानीय स्तर पर ही सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराई जा रही है। इसका सीधा असर गांवों से होने वाले पलायन पर पड़ रहा है। गाँवों के पारंपरिक कौशल को आधुनिक तकनीक से जोड़कर कुटीर उद्योगों और स्वयं सहायता समूहों को नई ऊर्जा दी जा रही है।

कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और लघु उद्योगों को इस योजना के तहत विशेष प्रोत्साहन मिल रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ मजबूत हो रही है।

योजना के नवीन नीतियों में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी को केंद्र में रखा गया है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं आज आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं, युवाओं को विशेष कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह मिशन श्सबका साथ, सबका विकासश के संकल्प को धरातल पर उतार रहा है।

आज का जागरूक भारत खोखले प्रदर्शनों और वास्तविक विकास के बीच का अंतर समझता है। जहां एक तरफ भ्रष्टाचार का पुराना इतिहास है, वहीं दूसरी तरफ श्विकसित भारतश के निर्माण की मजबूत नींव है। यह मिशन निश्चित रूप से ग्रामीण भारत के स्वर्णिम भविष्य का आधार स्तंभ बन चुका है।मंडल अध्यक्ष कापसी अजय बाछाड़

## श्रीराधा विनोद आश्रम, बारदा (पी.वी. 59) यशवंतनगर में 39वाँ दो दिवसीय महानाम कीर्तन महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न

पिलखा भूमि.पखांजूर – किशोर बाला

यशवंतनगर स्थित श्रीराधा विनोद आश्रम, बारदा (पी.वी. 59) में 39वें दो दिवसीय महानाम कीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर सनातन संस्कृति का अद्भुत और विराट समागम देखने को मिला, जहाँ देश–विदेश से आए श्रद्धालुओं ने भक्ति, कीर्तन और आध्यात्मिक चेतना का दिव्य अनुभव प्राप्त किया।

महोत्सव के दौरान यह दृश्य विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहा कि पाश्चात्य संस्कृति से जुड़े लोग भी सनातन परंपरा के प्रति गहरी आस्था और समर्पण भाव के साथ कीर्तन में सहभागी बने। विदेशी श्रद्धालुओं की यह सहभागिता सनातन संस्कृति की वै. श्विक स्वीकार्यता और उसकी आध्यात्मिक शक्ति को दर्शाती है,

श्रीराधा विनोद आश्रम न केवल आध्यात्मिक गतिविधियों का केंद्र है, बल्कि सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

इस आश्रम की स्थापना वर्ष 1994 में स्वर्गीय विनोद बिहारी गोस्वामी जी द्वारा की गई थी। स्थापना काल से लेकर आज तक यह आश्रम





सनातन धर्मावलंबियों के लिए आस्था, सेवा और साधना का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले महानाम कीर्तन महा. `त्सव में बड़ी संख्या में विदेशी नागरिकों की उपस्थिति इस आश्रम की अंतरराष्ट्रीय पहचान को भी रेखांकित करती है।

वर्तमान समय में आश्रम की सनातन सांस्कृ तिक धरोहर को विष्णुदास गोस्वामी महाराज जी के मार्गदर्शन में उत्तम जी महाराज जी द्वारा अत्यंत सुंदर एवं सुसंगठित रूप से संवारा और आगे बढ़ाया जा रहा है।

## हौसलों की उड़ान- कठिनाइयों को पीछे छोड़ सिविल सेवा तक पहुँचीं सुश्री मधु साहू

पिलखा भूमि.रायपुर

03 फरवरी 2026 संघर्ष, संकल्प और निरंतर मेहनत की मिसाल बन चुकी सुश्री मधु साहू ने यह सिद्ध कर दिया है कि शारीरिक चुनौती सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकती। 40 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांगता और सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी (वित्त विभाग) के पद पर चयनित होकर अपने सपनों को साकार किया और प्रदेश के दिव्यांग युवाओं के लिए प्रेरणा बनीं।रायगढ़ जिला के तमनार ग्राम की निवासी सुश्री मधु साहू ने प्रतिकूल परिस्थितियों को कभी अपने आत्मबल पर हावी नहीं होने दिया। नियमित अध्ययन, अनुशासित दिनचर्या और आत्म. विश्वास के साथ उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी। शारीरिक कठिनाइयों के बीच भी उनका संकल्प अडिग रहा और यही निरंतर मेहनत उनकी सफलता की नींव बनी।उनकी इस उपलब्धि पर समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित "क्षितिज अपार संभावनाएं" सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पात्र पाए जाने पर 50 हजार रुपये



की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई। यह आर्थिक सहयोग उनके लिए केवल राशि नहीं, बल्कि उनके संघर्ष और परिश्रम की सरक. ारी स्वीकृति है।प्रोत्साहन राशि प्राप्त होने के पश्चात सुश्री मधु साहू ने भावुक होकर कहा कि इस सहयोग से उन्हें न केवल आर्थिक संबल मिला, बल्कि यह विश्वास भी मजबूत हुआ कि राज्य शासन उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि यह प्रोत्साहन उनकी आगे की तैयारी और जिम्मेदारियों को निभाने में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास देगा।सुश्री मधु साहू ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, शिक्षकों तथा जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग को देते हुए आभार व्यक्त किया। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि मेहनत जब संकल्प से जुड़ती है और शासन की संवेदनशील नीतियों का साथ मिलता है, तो हर "असम्भव" सम्भव बन जाता है।

## मछली व्यवसायी से लूटपाट के मामले मे 02 आरोपी गिरफ्तार, लूट की रकम 56 हजार रुपये कराया गया होल्ड

पिलखा भूमि.अंबिकापुर

अरुप दास साकिन साकिन नारायणपुरा बालिसखाना भाना भाटपाड़ा बारानगर 24 परगना उत्तर पश्चिम बंगाल का थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी मछली के व्यवसाय के लिए कलकत्ता से अंबिकापुर आकर मानस होटल मे रुककर घूम घूम कर स्थानीय मछली विक्रेताओं से संपर्क कर रहे थे, कि दिनांक 03–02–26 को मौलवी बांध तलाब तरफ मछली देखने जा रहे थे उसी समय एक स्कटी और एक मोटर सायकल में 4 लोग आये और प्रार्थी एवं उसके साथी से (कहा के हो ) पूछताछ करते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर दोनों को अलग अलग गाडी में बैठा कर अंजान जगह पर ले जाकर प्रार्थी एवं उसके साथी से नगद रकम 35 हजार रूपये, मोबाईल व पर्स लूट लिये, बाद मे प्रार्थी एवं उसके साथी को एक कमरे में ले जाकर आरोपीगण अपने अन्य साथियो के सहायता से दोनों व्यवसायी के साथ मारपीट कर 2 लाख रूपये की मांग किये, नहीं देने पर मारकर खतम कर देने की धमकी दिए, आरोपियों द्वारा प्रार्थी एवं उसके साथी को डरा धमकाकर अलग अलग माध्यमो मे कुल 01 लाख 01 हजार रुपये की लूट कारित की गई, और प्रार्थी एवं उसके साथी को सुबह छोड़ दिया गया, मामले मे प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 71–26 धारा 296, 351(3), 115 (2), 190, 191(2), 127(7), 310(2), 135 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

मामले को संज्ञान मे लेकर डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा




श्री राजेश कुमार अग्रवाल (भा. पु. से.) द्वारा पुलिस टीम को मामले मे त्वरित कार्यवाही कर प्रकरण के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किये जाने के दिशा निर्देश दिए गए थे, इसी क्रम मे साइबर सेल एवं थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मामले मे त्वरित कार्यवाही कर प्रकरण मे शामिल 02 आरोपियों की पहचान कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपियों द्वारा अपना नाम (01) अलताब खान पिता अरमान खान उम्र 21 साल निवासी ग्राम जरहाडिह मिशन स्कुल रोड रघुनाथपुर चौकी रघुनाथपुर थाना लुण्ड्रा (02) शरद चौधरी पिता दिनेश चौधरी उम्र 22 साल निवासी दर्रीपारा मलेरिया ऑफिस के पास अम्बिकापुर थाना मणीपुर का होना बताये, आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपियों के निशानदेही पर लूट की रकम को आरोपियों द्वारा खाते मे जमा कराया जाने पर उक्त रकम कुल 56 हजार रुपये को होल्ड कराया गया है, आरोपियों के कब्जे से 03 नग मोबाइल जप्त किया गया है, आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण मे आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है, प्रकरण मे शामिल अन्य आरोपी घटना दिनांक से फरार है जिनका पत्ता तलाश किया जा रहा है, फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जायगा।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शशिक. ान्त सिन्हा, उप निरीक्षक के.के. यादव, साइबर सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, प्रधान आरक्षक जयदीप सिंह, प्रधान आरक्षक विकास सिन्हा, आरक्षक मनीष सिंह, अमनपुरी, राहुल केरकेट्टा, मंटू गुप्ता, शिव राजवाड़े सक्रिय रहे।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े गृह ग्राम बीरपुर में नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण–प्रतिष्ठा में शामिल हुई



### कलश यात्रा एवं वैदिक विधि–विधान के साथ संपन्न हुआ धार्मिक आयोजन

पिलखा भूमि.सूरजपुर

11 फरवरी 2026 मंत्री एवं भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने गृह ग्राम बीरपुर में नवनिर्मित शिव मंदिर के प्राण–प्रतिष्ठा समारोह में सहभागिता कर विधिवत पूजा–अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख–समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

प्राण–प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्गत प्रातः राम मंदिर, पासंग नाला से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कलश यात्रा शिव मंदिर परिसर तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि–विधानपूर्वक प्राण–प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। कार्यक्रम के दौरान भंडारे का आयोजन किया गया, वहीं रात्रि में भजन–कीर्तन के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बना रहा।

इस अवसर पर मंत्री राजवाड़े ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द, एकता और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों को इस सफल एवं भव्य आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि नवनिर्मित शिव मंदिर ग्राम बीरपुर में आस्था और सांस्कृ तिक चेतना का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

कार्यक्रम में विधायक भूलन सिंह मरावी, पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा, बाबूलाल अग्रवाल, अनिल सिंह मेजर, भीमसेन अग्रवाल, अजय गोयल सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## होली त्योहार पर अम्बेडकर अस्पताल में 24 घंटे जारी रहेगी इमरजेंसी सेवा




पिलखा भूमि.रायपुर

2 मार्च 2026 होली त्योहार के मद्देनज़र अम्बेडकर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ तथा पैरामेडिकल स्टाफ सहित सभी विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।होली के दौरान संभावित दुर्घटनाओं एवं आपात स्थितियों को ध्यान में रखते हुए अधीक्षक डॉ. सोनकर द्वारा आपातकालीन सेवाओं के निर्बाध संचालन के विशेष निर्देश दिए गए हैं।होली त्योहार के दिन 4 मार्च को शासकीय अवकाश होने के कारण अस्पताल में बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) का संचालन नहीं होगा। हालांकि, इमरजेंसी सेवा पूर्व की भांति 24 घंटे निरंतर जारी रहेगी। आपात चिकित्सा विभाग में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी वार्डों में जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा समस्त मेडिकल स्टाफ को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं।त्योहार को देखते हुए अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया गया है।आवश्यकतानुसार मरीजों को डीकेएस अस्पताल स्थित सुपर स्पेश्यलिटी विभाग में रेफर किए जाने के लिए अम्बेडकर अस्पताल से डीकेएस अस्पताल तक एम्बुलेंस परिवहन सेवा उपलब्ध रहेगी।

अस्पताल प्रबंधन ने सभी लोगों से सुरक्षित एवं सावधानीपूर्वक होली मनाने की अपील की है तथा किसी भी प्रकार की मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में अम्बेडकर अस्पताल के इम. रजेंसी विभाग में आकर उपचार प्राप्त करने को कहा है।








पिलखा भूमि
सरगुजा संभाग
सूरजपुर से प्रकाशित हिंदी मासिक समाचार पत्र


## पखांजूर की बिटिया सुनयना दास ने विदेश (किर्गिस्तान) में लहराया परचम, प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण की मेडिकल एफएमजीई परीक्षा।

**पिलखा भूमि. पखांजूर - किशोर बाला**



कहा जाता है कि प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती और अगर इरादे नेक हों, तो सात समंदर पार भी सफलता के झंडे गाड़े जा सकते हैं। इसे सच कर दिखाया है पखांजूर की होनहार बेटी सुनयना दास ने। सुनयना ने विदेश से एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने के बाद, भारत की सबसे चुना.
ैतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक एफएमजीई को अपने पहले ही प्रयास में पास कर लिया है। व्याख्याता शिखा बिश्वदेव दास की सुपुत्री सुनयना बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि की रही हैं। उनकी सफलता की नींव पखांजूर के आराधना कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ी, जहाँ उन्हा.
ेनेरू 10वीं बोडर्रू 91 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की।12 वीं बोडर्रू 88 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल टॉपर का खिताब जीता।

वर्ष 2016 में स्काउट एवं गाइड के लिए राज्यपाल पुरस्कार से भी नवाजी जा चुकी हैं। सुनयना केवल चिकित्सा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि संगीत और कला में भी पारंगत हैं। उनके पास हारमोनियम (शास्त्रीय गायन) और तबला वादन में श्री भारतीश की डिग्री है। विदेश में पढ़ाई के दौरान भी उन्होंने भारतीय लोक संगीत और नृत्य के माध्यम से अपनी जड़ों और देश की संस्कृति का मान बढ़ाया।

मेरा लक्ष्य एक कुशल डॉक्टर बनकर समाज और अपने देश की सेवा करना है। इस सफलता का पूरा श्रेय मेरे माता–पिता और गुरुजनों को जाता है।
डॉ. सुनयना दास

एक छोटे से कस्बे से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा प्राप्त करना और फिर भारत में डॉक्टर के रूप में अपनी योग्यता सिद्ध करना पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। इस उपलब्धि पर उनके गृहग्राम और स्कूल में जश्न का माहौल है।

## जल संरक्षण, पर्यटन विकास और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर

### मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल से जलाशयों के जीर्णोद्धार के लिए 10.93 करोड़ रुपए की स्वीकृति

**पिलखा भूमि. रायपुर**



03 फरवरी 2026 महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री तथा भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े की सक्रिय पहल और सतत प्रयासों से भटगांव विधानसभा क्षेत्र में कुल 10.93 करोड़ रुपए की लागत से महत्वपूर्ण विकास कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों के पूर्ण होने से जल संरक्षण को मजबूती, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, क्षेत्र की प्राकृतिक सुंद.
रता के संरक्षण के साथ–साथ पर्यटन विकास को नई दिशा मिलेगी। इसके अलावा, स्थानीय युवाओं के लिए नए रोजगार और आय के अवसर भी सृजित होंगे।

सूरजपुर जिले के विकासखंड भैयाथान अंतर्गत बृजेश्वर सागर जलाशय योजना के नवीनीकरण कार्य हेतु 4.94 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं, इसी विकासखंड की कुर्रीडीह जलाशय योजना के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 4.73 करोड़ रुपए, और विकासखंड ओड़गी स्थित बसनारा जलाशय (तालाब) के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य हेतु 1.26 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि जल संसाधनों के संरक्षण एवं विकास से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, पर्यटन के विस्तार से युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र का समग्र विकास गति पकड़ेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्वीकृत कार्य गुणवत्ता के साथ समय–सीमा में पूर्ण किए जाएं।

भटगांव विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों ने विकास कार्यों की इस सौगात के लिए राज्य सरकार एवं मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

## अवैध रेत उत्खनन व परिवहन करते पाए जाने पर 04 ट्रैक्टर वाहन जब्त



**पिलखा भूमि. बलरामपुर–समृद्ध मंडल**

06 फरवरी 2026 कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिले में खनिज के अवैध उत्खनन को रोकने के लिए उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। जिसके तहत् राजस्व टीम द्वारा अवैध उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वाड्रफनगर श्री नीरनिधि नन्देहा के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा अवैध उत्खनन व परिवहन करने वालों पर कार्यवाही की गई। टीम के द्वारा ग्राम कैलाशपुर में मोरान नदी में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर 04 ट्रैक्टर वाहन को जब्त कर चौकी वाड्रफनगर को सुपुर्द किया गया।

## जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न




**पिलखा भूमि. बलरामपुर–समृद्ध मंडल**

06 फरवरी 2026 जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करने के लिए संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला की उपस्थिति में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय कुमार सिंह, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. शशांक गुप्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री स्मृति एक्का सहित समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के नोडल पदाधिकारी, कंसल्टेंट, खंड चिकित्सा अधिकारी, खंड कार्यक्रम प्रबंधक, मेडिकल ऑफिसर, बीडीएम एवं अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में संयुक्त संचालक डॉ. अनिल शुक्ला ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली, नेक्स्ट जेन पोर्टल, गैर संचारी रोग (एनसीडी) कार्यक्रम तथा वित्तीय वर्ष के दौरान किए गए मदवार व्यय की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। एनसीडी कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि पंजीकृत सभी मरीजों का नियमित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण फॉलो–अप अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर संयुक्त संचालक ने विकासखंड रामानुजगंज एवं राजपुर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) की प्रगति के संबंध में कारण बताओ नोटिस तथा उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) प्रबंधन में प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर विकासखंड शंकरगढ़ तथा एएनसी जांच की संख्या कम पाए जाने पर विकासखंड कुसमी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर होने वाली समस्त प्रविष्टियां संबंधित स्वास्थ्य केंद्र के आर.एच.ओ. तथा सी.एच.ओ. के द्वारा करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में संयुक्त संचालक ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित कार्यक्रमों अंतर्गत उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान, निगरानी एवं समय पर रेफरल, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा, पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन तथा बाल टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की एवं निर्धारित लक्ष्यों की शत–प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन, कुष्ठ रोग (लेप्रोसी) उन्मूलन, मलेरिया एवं फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रमों की भी समीक्षा की। बैठक में टीबी एवं कुष्ठ रोग उन्मूलन हेतु पृथक एवं लक्ष्य आधारित कार्य योजना तैयार कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों का शत–प्रतिशत आयुष्मान कार्ड निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों की स्थापना एवं संचालन की समीक्षा करते हुए जिले में आवश्यकतानुसार नए जन औषधि केंद्र खोलने के निर्देश दिए, जिससे आम नागरिकों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराई जा सकें।

बैठक में डॉ. शुक्ला ने सभी अधिकारियों को दिए गए निर्देशों का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। संयुक्त संचालक ने समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को सुचारू रखने, आवश्यक औषधियों, उपकरणों एवं मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा प्रदत्त सेवाओं की गुणवत्ता में सतत सुधार लाने के निर्देश भी दिये। डॉ. शुक्ला ने सभी स्वास्थ्य योजनाओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिये, जिससे आम नागरिकों को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो।
























manish -pilkha bhoomi sursjpur mastar 02652_manish 06-03-2026 04:17 Page 3



# मां से बिछड़ कर खेत में पहुंचा चार माह का तेंदुए का शावक

## ग्रामीणों के सहयोग से वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू



**पिलखा भूमि.धमतरी**

11 फरवरी 2026 गौरतलब है कि श्रृंगी ऋषि पहाड़ी की तराई में स्थित खेतों में ग्रामीणों ने लगभग चार माह के तेंदुए के शावक को देखा। संभावना है कि शावक अपनी मां से बिछड़कर भटकते हुए रिहायशी क्षेत्र तक पहुंच गया था। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से शावक को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया।

राज्य में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में वन विभाग ने एक और सराहनीय कार्य किया है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) अरुण कुमार पाण्डेय के दिशा–निर्देशों में धमतरी जिले के नगरी–सिहावा क्षेत्र अंतर्गत बिरगुड़ी वन परिक्षेत्र के ग्राम छिपली पारा में तेंदुए के एक शावक का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

रेस्क्यू के बाद विभागीय प्रक्रिया के तहत शावक को नगरी स्थित पशु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां पशु चिकित्सकों द्वारा उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच में शावक पूरी तरह स्वस्थ पाया गया। रेंज अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार शावक को आगे की देखभाल और सुरक्षित वातावरण के लिए नया रायपुर स्थित जंगल सफारी भेजा गया है।

नगरी–सिहावा क्षेत्र सघन वनों और पहाड़ी भू–भाग के कारण तेंदुए और अन्य वन्यजीवों के लिए उपयुक्त प्राकृतिक आवास माना जाता है। वन विभाग की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से न केवल वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है, बल्कि मानव–वन्यजीव संघर्ष को कम करने में भी मदद मिल रही है। गांव के ग्रामीणों की सूझबूझ और जिम्मेदारी की खुलकर सराहना की है। विभाग का कहना है कि यदि लोग इसी तरह जागरूकता और संवेदनशीलता दिखाएं, तो मानव–वन्यजीव संघर्ष को काफी हद तक कम किया जा सकता है. इस घटना से यह भी साबित हुआ है कि सही समय पर सही कदम उठाने से वन्यजीवों की जान बचाई जा सकती है

# छत्तीसगढ़ मना रहा 'महतारी गौरव वर्ष' मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को दी जानकारी

**पिलखा भूमि रायपुर**

13 फरवरी 2026 छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने नई दिल्ली में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से सौजन्य भेंट कर प्रदेश में संचालित महिला एवं बाल विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं भावी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की।

मंत्री राजवाड़े ने इस अवसर पर अवगत कराया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने वर्ष 2026 को 'महतारी गौरव वर्ष' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस पहल का उद्देश्य माताओं और बहनों के सम्मान, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं आर्थिक स्वावलंबन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण को विकास की धुरी मानते हुए योजनाओं को और अधिक प्रभावी स्वरूप दे रही है।

बैठक में मातृशक्ति सशक्तिकरण, पोषण अभियान की प्रगति, बाल संरक्षण सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, आंगनबाड़ी व्यवस्थाओं के उन्नयन तथा केंद्र प्रायोजित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन जैसे विषयों पर सकारात्मक एवं परिणाममुखी विचार–विमर्श हुआ। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने छत्तीसगढ़ में संचालित नवाचारों, जमीनी स्तर पर किए जा रहे प्रयासों तथा हितग्राहियों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में उठाए गए



कदमों की जानकारी साझा की।

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने योजनाओं के प्रभावी संचालन, मॉनिटरिंग तंत्र को मजबूत करने तथा पात्र हितग्राहियों तक लाभ की शत–प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने केंद्र एवं राज्य के समन्वित प्रयासों को महिला एवं बाल कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग एवं मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ में महिला एवं बाल विकास से संबंधित योजनाओं को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख बनाया जाएगा। सुशासन सरकार मातृशक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# गरीबों का हक छीना जा रहा? पी.वी. 68 में राशन दुकान संचालक पर गंभीर सवाल




**पिलखा भूमि.पखांजूर – किशोर बाला**

पखांजूर क्षेत्र के ग्राम पी.वी. 68 से राशन वितरण में भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने स्थानीय राशन दुकान संचालक पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें समय पर राशन नहीं दिया जाता, वहीं **E-KYC** के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। साथ ही ग्रामीणों का आरोप है की उन्हें केवल 20**kg** चावल दिया जा रहा है, और **card** ने 35**kg** की एंट्री की जा रही है, इतना ही नहीं, जब ग्रामीणों ने इस पर आपत्ति जताई तो उनके साथ बदसलूकी की गई और कथित रूप से कहा गया कृ जो करना हो कर लो।

ग्रामीणों का आरोप है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें सही तरीके से नहीं मिल पा रहा है। उनका कहना है कि राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोग अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर गरीब हितग्राहियों को दबा रहे हैं।

इन्हीं आरोपों को लेकर आज सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी पखांजूर एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने राशन दुकान संचालक के खिलाफ निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की।

अब देखना होगा कि प्रशासन इन आरोपों को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या वास्तव में ग्रामीणों को उनका हक दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाते हैं या नहीं।

# कटघोरा वनमंडल की सतर्कता से तेंदुए का सफल रेस्क्यू और शिकारी गिरफ्तार

**पिलखा भूमि.कटघोरा**

16 फरवरी 2026 वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रभावी प्रयासों और वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में कटघोरा वनमंडल ने वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। पाली परिक्षेत्र में फंदे में फंसे तेंदुए का सफल रेस्क्यू कर आरोपी शिकारी की गिरफ्तारी की गई है, यह विभाग की त्वरित कार्यवाही, आधुनिक तकनीक और टीमवर्क की सफलता को दर्शाता है।

उल्लेखनीय है कि बीते 9 फरवरी की रात पाली परिक्षेत्र के लाफा बीट में सूचना मिली कि एक युवा तेंदुआ शिकारी द्वारा लगाए गए फंदे में फंस गया है। सूचना मिलते ही वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। कठिन पहाड़ी रास्ते और तेंदुए की आक्रामक स्थिति के बावजूद टीम ने तत्काल रेस्क्यू का निर्णय लिया।

## साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशन

उच्च अधिकारियों की अनुमति के बाद बिलासपुर से पशु चिकित्सक डॉ. चंदन और उनकी टीम को बुलाया गया। रात लगभग 10.40 बजे तेंदुए को सुरक्षित रूप से ट्रैंकुलाइज किया गया और कुछ ही मिनटों में उसे क्लच वायर के फंदे



से बाहर निकाल लिया गया। घायल तेंदुए का प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर इलाज के लिए कानन पंडारी भेजा गया। अगले दिन अचानकमार टाइगर रिजर्व से डॉग स्क्वाड टीम को बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से सुराग जुटाते हुए आरोपी के घर तक पहुंच बनाई। वहां से शिकार में उपयोग किए गए तार और अन्य सामग्री बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी विजय कुमार गोंड ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसे न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

उपचार के बाद तेंदुए की स्थिति में सुधार होने पर विशेषज्ञों की सलाह से उसे पुनः जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। छोड़ने से पहले क्षेत्र में एंटी–स्नेयर वॉक कर अन्य फंदों की जांच की गई तथा ट्रैप कैमरों और निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया गया।

यह सफलता दर्शाती है कि छत्तीसगढ़ में वन्यजीव संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। वन विभाग की त्वरित प्रतिक्रिया, वैज्ञानिक पद्धति और समन्वित प्रयासों से न केवल एक वन्यप्राणी का जीवन बचाया गया, बल्कि वन्यजीव अपराध करने वालों को भी कड़ा संदेश दिया गया है कि ऐसे अपराध अब बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

# साहब की फाइल नहीं, मौत का सामान ढो रहा था ये चपरासीय लग्जरी कार में नशीली टैबलेट बेचते गिरफ्तार

**पिलखा भूमि.संपादक – मनीष वैद्य**

सरगुजा आबकारी उड़नदस्ता टीम की नशे के सौदागरों के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी है.. कल शाम दिनांक 01–03–2026 को आबकारी उड़नदस्ता टीम को जिला सूरजपुर में तब बड़ी सफलता हाथ लगी जब विश्रामपुर तहसील का चपरासी लग्जरी कार में नशीला कैप्सूल टैबलेट का सप्लाई करते हुए गिरफ्तार हुआ।। दिनांक 1–3–2026 को जिला सूरजपुर में गश्त के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि तिलसिवा ग्राउंड सूरज पुर के पास अभिषेक साहू अपने **NISSAN MAGNITE** कार क्रमांक **CG29AG1098** में नशीला टैबलेट का सप्लाई करने वाला है.. मुखबीर सूचना की विश्वसनीयता पर तत्काल सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने तिलसिंवा ग्राउंड के चारों तरफ से घेराबंदी कर मुखबिर द्वारा बताए कार को देख उसमें बैठे व्यक्ति से उसका नाम पूछने पर उसने अपना नाम अभिषेक साहू निवासी गोविंदपुर साहू पारा जिला सूरजपुर बताया..उसने बताया कि मैं कलेक्ट्रेट सूरजपुर का चपरासी रहा हूँ अभी वर्तमान में तहसील विश्रामपुर में पदस्थ हूं..अभिषेक साहू के कार की तलाशी लेने पर कार के डैश बोर्ड में एक काले रंग के बैग में 560 नग **ALPRAZOLAM TABLET** तथा 48 नग **SPASMO PROXYVON PLUS CAPSULE** बरामद की गई।। आरोपी अभिषेक साहू की लक्ज़री कार और समस्त कैप्सूल एवं टैबलेट को जब्त कर आरोपी अभिषेक साहू को एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा आज दिनांक 02–03–26 को माननीय न्यायालय सूरजपुर में रिमांड के लिए प्रस्तुत किया गया जहां से जेल दाखिल का आदेश प्राप्त हुआ।।






उक्त कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के द्वारा की गई.. उक्त कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक रमेश दुबे अशोक सोनी, नगर सैनिक रणविजय सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता एवं नीरज चौहान की विशेष भूमिका रही।।













# मुखबिर की सूचना पर सरगुजा आबकारी विभाग की दबिश, अधिकारियों के नेतृत्व में हुई बड़ी कार्यवाही



**पिलखा भूमि.अम्बिकापुर**

अम्बिकापुर आबकारी वृत्त केदारपुर, अम्बिकापुर के अन्तर्गत जिला सरगुजा निवासी रसप्रीत सिंह जाति – सिक्ख उम्र 30 वर्ष साकीन केदारपुर वार्ड नं.24 थाना कोतवाली अम्बिकापुर जिला सरगुजा के कब्जे से सिमरन आफ 4 बोतल, सिग्नेचर 1 बोतल, ब्लैक एण्ड व्हाइट – 3 पाव आफ्टर डॉर्क – 14 पाव मध्यप्रदेश एवं हरियाणा का लेवल लगा हुआ विदेशी शराब एवं 15 नग, केन सिम्बा 2 बोतल, थंडर बोतल 1 बोतल मेदुसा । कुल 16.260 लीटर विदेशी शराब बरामद कर ज़ब्त कर, छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1)(क),34(2),36 एवं 59 (क) के तहत गैर जमानती अपराध होने पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण कायम कर गिरफ्तार किया गया एवं न्यायिक रिमांड कर में जेल भेजा गया ।

उपरोक्त कार्यवाही मे आबकारी उप निरीक्षक आकाश साहू, सौरभ साहू, परिवीक्षाधीन आबकारी उप निरीक्षक सरिता साहू, प्रिया गुप्ता, राहुल भगत एवं आबकारी मुख्य आरक्षक अयोध्या प्रसाद, गम्भीर साय, रमेश कुमार गुप्ता, चंद्रिका पटेल, अमरसाय भगत, एवं महिला नगर सैनिक गीता सिंह, एवं रोहित सोनवानी का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

manish -pilkha bhoomi sursjpur mastar 02652_manish 06-03-2026 04:17 Page 4



## पखांजूर पुलिस की बड़ी कार्रवाईरू 885 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार।

पिलखा भूमि.पखांजूर – किशोर बाला

नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे उजियारा अभियान के तहत पखांजूर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक कांकेर निखिल अशोक राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुलिस पखांजूर राकेश कुमार कुर्रे, एसडीओ पुलिस रवि कुजूर एवं थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट के मार्गदर्शन में घेराबंदी कर पुलिस ने एक युवक को अवैध गांजा परिवहन करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपित गुरुपद विश्वास के पास से करीब 885 ग्राम गांजा और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है।।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 12 फरवरी को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम पीव्ही 21 दुर्गापुर निवासी गुरू पद विश्वास, पिता गणेश विश्वास, उम्र 33 वर्ष अपनी बिना नंबर वाली एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल की डिक्की में गांजा छिपाकर बेचने के उद्देश्य से महाराष्ट्र की सीमावर्ती गांव मानेबेड़ा की ओर से आ रहा है।सूचना मिलते ही थाना पखांजूर से सहायक उपनिरीक्षक बिन्दुलता देवांगन के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने ग्राम पीव्ही 37 रूपनगर चौक तिराहा मेन रोड पर घेराबंदी की। संदिग्ध युवक के पहुंचने पर जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसकी मोटरसाइकिल की डिक्की से एक झोले में रखा 885 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपित के पास से 885 ग्राम गांजा (गुलाबी रंग के फूलदार झोले में प्लास्टिक झिल्ली के अंदर, एक नग इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनएक बिना नंबर की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल (लाल–काले रंग की) एक विवो कंपनी का मोबाइल फोन जप्त किया है।आरोपित गुरू पद विश्वास के विरुद्ध थाना पखांजूर में एएनडीपीएस एक्ट की धारा 20(इ)(पप)(ए) के तहत अपराध क्रमांक 34626 दर्ज किया गया

आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर कांकेर जेल भेज दिया गया है।इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक लक्ष्मण केवट,सउनि बिन्दुलता देवांगन, प्रधान आरक्षक लिहेन्द्र देवांगन, हेमंत द्विवेदी, प्रवीण मण्डावी, अभिषेक साहू, देवनाथ नरेटी और लोकेश्वर उइके का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि नशा शरीर के लिए हानिकारक है, इससे दूर रहें। यदि आपके आसपास कोई संदिग्ध या आपराधिक गतिविधि हो रही है, तो उसकी जानकारी पुलिस हेल्पलाइन नंबर 94791–55125 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

## शिवसेना के नेतृत्व में हानपतरी सचिव को यथावत बनाए रखने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौंपे आवेदन।

पिलखा भूमि.पखांजूर – किशोर बाला

दुर्गूकोंदल ब्लॉक के ग्राम पंचायत हानपतरी के ग्रामीण एवं पंचायत पदाधिकारी ने पंचायत में पदस्थ सचिव को यथावत रखने की मांग को लेकर कलेक्टर व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कांकेर को आवेदन सौंपा। शिवसेना प्रदेश सचिव महेश वासुदेव दुबे ने बताया कुछ लोग निजी स्वार्थ के चलते पंचायत सचिव का स्थानांतरण चाहते हैं लेकिन ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिव के कार्य को ग्रामीण द्वारा संतोषजनक बताते हुए ग्राम विकास कार्य सुचारू रूप से संपन्न होने की बात कही जा रही है। श्री दुबे ने आगे कहा ग्रामीणो का एकरूपता बता रहा है उनका कार्य संतोषजनक है उन्होंने कहा जिला प्रशासन द्वारा आश्वासन मिला है और जल्द पंचायत सचिव को हानपतरी पंचायत में यथावत रखने की बात उनके द्वारा कही गई। ग्रामीणों ने कहा कलेक्टर एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मुलाकात कर पंचायत सचिव रमेश नरेटी का स्थानांतरण ना कर यथावत रखे जाने की मांग की गई है। ग्रामीण प्रीतम मांझी रामप्रसाद दुग्गा सामूराम मेरिया दिनेश मेरिया उमेंद उयके ललिता मेरिया भानबाई विश्वकर्मा लखोन उयके मिश्रीलाल राणा ने बताया ग्राम पंचायत सचिव रमेश नरेटी द्वारा समय पर मुख्यालय




में आकर ग्राम पंचायत में जन्म, मृत्यु रजिस्टर पंचायत कार्य रजिस्टर संधारित करता है। ग्रामीण का आवश्यकतानुसार कार्य तथा ग्राम विकास कार्य सुचारू रूप से संपन्न कर रहे हैं। उनके कार्य से सभी पंचगण एवं उपसरपंच समस्त ग्रामवासी संतुष्ट हैं। ग्राम वासी ने कहा है उनके मांग को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया गया तो जिला पंचायत कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी है। जिसका संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।आवेदन सौंपने में प्रमुख रूप से सुकचंद मंडावी भोला पाल प्रणेवेश विश्वास लच्क्षन बढ़ाई संजय नरेटी अनिल नरेटी भागवत मांझी हरेश धाकड़ संतोषी विश्वकर्मा मंगली विश्वकर्मा सोहन विश्वकर्मा देवा प्रसाद सरोज सिंहा धनीराम उयके इत्यादि सैकड़ो की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे

## 46 लीटर अवैध शराब जब्त



पिलखा भूमि. बलौदाबाजार–भाटापारा

11 फरवरी 2026 बलौदाबाजार–भाटापारा जिले में अवैध मदिरा के कारोबार पर कड़ाई से रोक लगाने के लिए संचालित जांच–पड़ताल अभियान के तहत आज आबकारी विभाग की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 46 बल्क लीटर से अधिक अवैध देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पलारी क्षेत्र में बाल समुंद तालाब के पास विमल गुटखा के बड़े थैले में लावारिस अवस्था में रखे 98 पाव देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। जब्त मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 9,800 रुपये है। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है। इसी क्रम में थाना पलारी अंतर्गत ग्राम टीला निवासी आरोपी तेजेश्वर गहिरवारे के कब्जे से 7.2 लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य लगभग 4,000 रुपये है। आरोपी के विरुद्ध भी आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

बलौदाबाजार वृत्त में ग्राम करमंदा निवासी आरोपी डागेश्वर प्रसाद वर्मा के कब्जे से 7.2 लीटर तथा ग्राम लवन निवासी आरोपी संदीप निषाद के कब्जे से 9 लीटर देशी मदिरा मसाला, इस प्रकार कुल 16.2 बल्क लीटर जब्त किया गया। जब्त मदिरा का कुल बाजार मूल्य लगभग 9,000 रुपये अनुमानित है। संबंधित आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। इसके अतिरिक्त सिमगा क्षेत्र में ग्राम साराडीह, थाना सहुेला निवासी आरोपी संतु कटेर के कब्जे से 5.4 लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य लगभग 3,000 रुपये है। आरोपी के विरुद्ध भी आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

## अनियंत्रित होकर पलटी धान से भरी ट्रक की बॉडी, बड़ ा हादसा टला।



पिलखा भूमि.पखांजूर – किशोर बाला

परलकोट क्षेत्र में एक बड़ा सड़क हादसा होते–होते टल गया पीवी 99 धान उपार्जन केंद्र से धान लोड कर जा रही एक ट्रक की बॉडी ग्राम पी वी 74 के पास स्थित अंधे मोड़ पर अचानक अलग होकर पलट गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

हादसा मंगलवार रात लगभग 10 बजे का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ट्रक पी वी 99 खरीदी केंद्र से धान भरकर रवाना हुआ था। जैसे ही ट्रक पी वी 74 के टर्निंग पर पहुँचा, मोड़ पर दबाव बढ़ने के कारण ट्रक की बॉडी वाहन से अलग होकर सड़क किनारे पलट गई।

जिस वक्त यह हादसा हुआ, सड़क पर अन्य वाहनों की आवाजाही कम थी, अन्यथा स्थिति गंभीर हो सकती थी। ट्रक की बॉडी अलग होने से धान की बोरियां सड़क किनारे बिखर गईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त मोड़ काफी खतरनाक है और रात के अंधेरे में भारी वाहनों के लिए यहाँ से गुजरना जोखिम भरा होता है।

## महिला स्व–सहायता समूह को मिला आजीविका का नया अवसर, बच्चों व माताओं को मिलेगा गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार – मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

पिलखा भूमि.सूरजपुर

16 फरवरी 2026 महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आज सूरजपुर जिले के विकासखंड ओड़गी अंतर्गत ग्राम पालदनौली में "पूरक पोषण आहार" निर्माण यूनिट का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण सुरक्षा के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है। यह यूनिट कुपोषण उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण और परिणामोन्मुखी पहल है।

मंत्री राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "सुपोषित भारत" के संकल्प तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार कुपोषण के विरुद्ध व्यापक अभियान चला रही है। पालदनौली में स्थापित यह यूनिट स्थानीय स्तर पर ताजा, गुणवत्तापूर्ण एवं पोषक आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी, जिससे बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार आएगा। इस यूनिट में मीठा शक्ति आहार एवं



नमकीन पौष्टिक दलिया का निर्माण किया जाएगा। यूनिट का संचालन राधे महिला स्वयं सहायता समूह, पालदनौली द्वारा किया जाएगा। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक सामग्रियों से तैयार आहार आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। इससे गुणवत्ता, ताजगी और समयबद्ध वितरण सुनिश्चित होगा।

मंत्री राजवाड़े ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को उत्पादन एवं वितरण की जिम्मेदारी सौंपना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त कदम है। इससे समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेंगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने राधे महिला स्वयं सहायता समूह की सराहना करते हुए कहा कि समूह की महिलाएं अब केवल योजनाओं की हितग्राही नहीं, बल्कि सफल उद्यमी के रूप में उभर रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने यूनिट का अवलोकन कर निर्माण प्रक्रिया की जानकारी ली तथा स्वच्छता, गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के अनुरूप उत्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल क्षेत्र में कुपोषण उन्मूलन के प्रयासों को नई दिशा और गति प्रदान करेगी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं संबंधित विभागीय अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 100 लीटर मदिरा एवं 1000 किलो महुआ लाहन जब्त

पिलखा भूमि.राजनांदगांव

02 मार्च 2026 राजनांदगांव जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग राजनांदगांव एवं रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव की संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर कारर्वाई करते हुए भिलाई पावर हाउस, संतोषी पारा वार्ड क्रमांक 24, थाना भट्टी जिला दुर्ग निवासी आरोपी कौशल के कब्जे से 7.680 बल्क लीटर महाराष्ट्र निर्मित देशी–विदेशी मदिरा जब्त की। जब्त मदिरा में एमसी डॉवेल्स नंबर 1 व्हिस्की, मैजिक मोमेंट, रॉयल चौलेंजर, देशी दारू मीठी सौंफ, फिरकी संत्री एवं सेवन स्टार पंच शामिल हैं। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

इसी प्रकार ग्राम बरनालाकला नाला किनारे से 100 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 1000 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल एवं ढाबों का नियमित निरीक्षण जारी है।

## कोटा वन परिक्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त में सागौन के लट्ठा जब्त



पिलखा भूमि. कोटा

02 मार्च 2026 वनों की अवैध कटाई, अतिक्रमण और अवैध उत्खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त कानूनी कार्रवाई करके ही वनों और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा की जा सकती है। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को सुनिश्चित करके और प्रदेश और देश के हरित आंदोलन को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में शासन कार्य कर रही है। प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के निर्देशानुसार अवैध कटाई, अतिक्रमण एवं अवैध उत्खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी परियोजना मंडलों में नियमित भ्रमण तथा सामयिक एवं रात्रिकालीन गश्त की जा रही है। इस सतत कार्रवाई से वन क्षेत्रों की सुरक्षा में सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। इसी क्रम में 1 मार्च 2026 को सूचना प्राप्त होने पर कोटा परिक्षेत्र के अंतर्गत सेमरिया–दानोखार मार्ग, कक्ष क्रमांक पी805 में रात्रिकालीन गश्त के दौरान टीम ने दबिश दी। कार्रवाई के दौरान वन अपराधी 2 पिकअप वाहन एवं सागौन के लट्ठे मौके पर छोड़कर फरार हो गए। आसपास के क्षेत्र में खोजबीन की गई, किंतु आरोपी पकड़ में नहीं आ सके।

मौके से एक पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 13 एल 2428 (अनुमानित मूल्य 3 लाख रूपए) तथा अवैध कटाई से प्राप्त 10 नग सागौन लट्ठा (0.762 घनमीटर) जब्त कर प्रकरण क्रमांक 78649, दिनांक 02.03.2026 दर्ज किया गया। इसी प्रकार एक अन्य पिकअप वाहन क्रमांक ब्ळ 10 ।ल 9034 (अनुमानित मूल्य 5 लाख रूपए) एवं 2 नग सागौन लट्ठा (0.107 घनमीटर) जब्त कर प्रकरण क्रमांक 78648, दिनांक 02.03.2026 दर्ज किया गया। जब्त वनोपज का कुल अनुमानित मूल्य लगभग 40 हजार रुपए है।

यह कार्रवाई क्षेत्रीय महाप्रबंधक बिलासपुर श्री अभिषेक सिंह एवं मंडल प्रबंधक कोटा परियोजना मंडल श्री सत्यदेव शर्मा के मार्गदर्शन तथा उपमंडल प्रबंधक श्री आशुतोष सिंह के निर्देशन में संपन्न हुई। अभियान का संचालन परियोजना परिक्षेत्र अधिकारियों श्री विवेक देवांगन एवं श्री रवि कुमार जगत द्वारा किया गया। इस दौरान सहायक परियोजना क्षेत्रपाल एवं अन्य वन कर्मचारी तथा रोपण सुरक्षा श्रमिक सक्रिय रूप से शामिल रहे।

वन अपराध के विरुद्ध त्वरित और प्रभावी कार्रवाई पर प्रबंध संचालक श्री प्रेम कुमार ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने निर्देशित किया है कि निगम के सभी वन क्षेत्रों में इसी प्रकार सतर्कता के साथ कठोर कार्रवाई जारी रखी जाए। साथ ही आगामी गोपनीय प्रतिवेदन में वन सुरक्षा एवं संवर्धन में संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी की भूमिका का उल्लेख किए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## हत्या के मामले मे विधि से संघर्षरत बालक समेत कुल 03 आरोपी गिरफ्तार।

पिलखा भूमि.अम्बिकापुर

थाना अम्बिकापुर के मर्ग क्रमांक 25–26 धारा 194 बीएनएसएस नाम मृतक सुटुल उम्र 25 वर्ष साकिन ग्राम भकुरा थाना अम्बिकापुर का मर्ग प्रकरण जांच किया गया। जांच दौरान मर्ग पचनामा, कार्यवाही गवाही का कथन, घटना स्थल निरीक्षण, घटना स्थल से मिले साक्ष्य से पाया गया कि 03–03–26 के रात्रि से दिनांक 04–03–26 के सुबह के मध्य मृतक सुटुल को अजय पैकरा, छत्रपाल एवं अन्य विधि से संघर्षरत बालक द्वारा पैसे के लेन देन की बात को लेकर गुस्सा होकर गाली गलौज कर बांस का डण्डा, हाथ मुक्का, लात से मारपीट कर गंभीर चोट कारित किये है जिससे मृतक फौत कर गया है, जो धारा 103, 3(5) बी.एन.एस. का घटित होना पाये जाने से मामले मे थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 138626 धारा 103. 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दौरान विवेचना प्रकरण सदर मे पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले के गवाहो का कथन लेख किया गया, प्रकरण सदर के नामजद आरोपी अजय पैकरा, छत्रपाल निवासी भकुरा एवं अन्य विधि से संघर्षरत बालक का पता तलाश कर 24 घंटे के भीतर पकड़कर पूछताछ किया गया जो मामले मे विधि से संघर्षरत बालक सहित (02) अजय पैकरा उर्फ जर्रा आत्मज कटहर राम पैकरा उम्र 19 साल निवासी भकुरा चट्टीपारा थाना कोतवाली अम्बिकापुर (03) छत्रपाल आत्मज रामअवतार उम्र 20 साल निवासी भकुरा चट्टीपारा थाना कोतवाली अम्बिकापुर का होंना बताये, विधि से संघर्षरत बालक समेत आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपने मेमोरंडम




कथन मे बताये कि विधि से संघर्षरत बालक एवं अन्य आरोपीगण मृतक के साथ मिलकर पूर्व मे साथ काम किये थे, काम के बाद मिले पैसो को लेकर आपसी वाद विवाद हुआ था, इसी वाद विवाद को लेकर विधि से संघर्षरत बालक एवं अन्य आरोपियों द्वारा मिलकर मृतक सुटुल को गाली गलौज कर हाथ मुक्का, लात व डण्डा से मारपीट कर गंभीर चोट कारित किया गया व मृतक के फौत होने पर वही छोड कर भाग जाना बताया गया, भागते समय घटना मे प्रयुक्त डण्डा को फेंक देना बतायें जिसे पूर्व में ही जप्त किया जा चुका है। बाद आरोपी अजय पैकरा से घटना के दौरान पहना गया कपडा जप्त किया गया है। विधि से संघर्षरत बालक समेत आरोपियों के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण मे गिरफ्तार कर आरोपी अजय पैकरा व छत्रपाल को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है एवं विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाता है।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शशिकान्त सिन्हा, सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर पाण्डेय, प्रधान आरक्षक सोमार साय, आरक्षक मंटू गुप्ता, शिव राजवाड़े, प्रमोद टेटे, अमर सिंह सक्रिय रहे।

## रंगों में घुले प्रेम और सौहार्द का त्योहार है होलीरू मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने दी होली की शुभकामनाएँ



पिलखा भूमि.रायपुर

03 मार्च 2026 महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। मंत्री राजवाड़े ने अपने संदेश में कहा है कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व हमारे जीवन में नई ऊर्जा, उल्लास और सकारात्मकता का संचार करता है तथा भेदभाव मिटाकर सभी को एक सूत्र में पिरोने का संदेश देता है।उन्होंने कामना की कि यह होली सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। साथ ही उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि त्योहार मनाते समय प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें, जल संरक्षण का ध्यान रखें तथा पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने में अपना सक्रिय सहयोग दें।

मंत्री राजवाड़े ने कहा कि पारंपरिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ मनाई गई होली ही सच्चे अर्थों में आनंद और सौहार्द का उत्सव बनती है तथा समाज में प्रेम, भाईचारे और आपसी विश्वास को और अधिक मजबूत करती है।

स्वामी, प्रकाशक मनीष वैद्य द्वारा मुद्रक रूपेश दुबे आर्यन ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस पावर हाउस रोड नमना कला अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ, ग से मुद्रित करा कर एम,जी रोड संजयनगर (अजबनगर) जिला सूरजपुर छ, ग से प्रकाशित। संपादक – मनीष वैद्य
मो. नं - 9165046978.7583080630 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) समस्त समाचार के विवाद के लिए न्यायालय क्षेत्र सरगुजा मान्य होगा।